'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours Part-II Examination, 2022

HINDI

PAPER-IV

Time Allotted: 4 Hours Full Marks: 100

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 15×3 = 45

(क) जादुई यथार्थवाद को परिभाषित करते हुए 'टेपचू' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ख) कहानी कला के आधार पर 'सौभाग्य के कोड़े' कहानी की विवेचना कीजिए।

(ग) फणीश्वरनाथ रेणु की उपन्यास कला की विशेषताएं लिखिए।

(घ) 'जूठन' उपन्यास में निहित ओमप्रकाश वाल्मीकि की वैचारिकता को स्पष्ट कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 6×4 = 24

(क) 'सौभाग्य के कोड़े' कहानी के शीर्षक के औचित्य पर विचार कीजिए।

(ख) मैला आंचल की भाषिक संरचना पर विचार कीजिए।

(ग) 'डिप्टी कलक्टरी' कहानी की मूल संवेदना बताइए।

(घ) 'जूठन' उपन्यास के प्रतिनिधि नायक की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'हीलीबोन की बत्तखें' कहानी के औचित्य पर विचार कीजिए।

3. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं तीन की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए – 7×3 = 21

(क) ''कर्मानुसार ही उसकी वर्णव्यवस्था भी हो गयी। घर के अन्य नौकर-चाकर उसे भंगी कहते थे और नथुवा को इसमें कोई एतराज न होता था। नाम की स्थिति पर क्या असर पड़ सकता है, इसकी उस गरीब कुछ खबर न थी।''

(ख) ''कैप्टन दयाल बाड़े में से बाहर होकर रास्ते पर हो लिए और ऊपर चढ़ने लगे, जिधर नई धूप में चीड़ की हरियाली दुरंगी हो रही थी और बीच-बीच में बुरुस के गुच्छे-गुच्छे गहरे लाल फूल मानों कह रहे थे, पहाड़ के भी हृदय हैं, जंगल के भी हृदय........।''

(ग) ''नींद खुली तो आँतों में खालीपन था। पेट में हल्की-सी आँच थी भूख की। बहुत देर तक वह यों ही पड़ा रहा, टुकुर-टुकुर आसमान ताकता। फिर भूख की आँच में जब कान के लवे तक गर्म होने लगे वो सुस्त-सा उठकर सोचने लगा कि अब क्या जुगाड़ किया जाए। उसे याद आया कि सई के पेड़ों के पार जंगल के बीच एक मैदान है। वहीं पर पुरनिहा तालाब है।''

(घ) ''जमुना की बात सुनकर वह एकदम बिगड़ गए। क्रोध से उनका मुँह विकृत हो गया और वह सिर से झटकते हुए, कटाह कुकुर की तरह बोले, 'तो मैं क्या करूँ ? मैं तो हैरान-परेशान हो गया हूँ। तुम लोग मेरी जान लेने पर तुले हुए हो। साफ-साफ सुन लो, मैं तीन बार कहता हूँ, मुझसे नहीं होगा, मुझसे नहीं होगा, मुझसे नहीं होगा।''

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×10 = 10

(क) प्रेमचन्द द्वारा लिखित हिन्दी उपन्यास का नाम और प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(ख) अज्ञेय द्वारा संपादित पत्रिका का नाम और प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(ग) 'जिंदगी और जोंक' कहानी के रचनाकार का नाम लिखिए।

(घ) 'हीलीबोन की बत्तखें' कहानी का प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(ङ) 'टेपचू' कहानी के प्रमुख चरित्र का नाम लिखिए।

(च) फणीश्वरनाथ रेणु का जन्म और मृत्यु वर्ष लिखिए।

(छ) उदय प्रकाश के किन्हीं दो कहानी-संग्रहों के नाम लिखिए।

(ज) 'हिन्दी का गोर्की' किसे कहा जाता है ?

(झ) अमरकांत को ज्ञानपीठ और व्यास सम्मान से किस वर्ष सम्मानित किया गया ?

(ञ) ओमप्रकाश वाल्मीकि के दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

——×——